दिनांक-1फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

फूलों और सब्जियों की ऑर्गेनिक खेती से सवर रहा शहरी गौठान, सब्जियों का विक्रय कर अर्जित कर रहे आय

भिलाईनगर। शहरी गौठान की तस्वीर आयुक्त श्री रघुवंशी के मार्गदर्शन में अब बदलते जा रही है , कुछ दिन पूर्व ही गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहरी गौठान के तर्ज पर तैयार किए गए मॉडल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था! नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रमांक 1 वार्ड क्रमांक 3 नवनिर्मित बस डिपो एवं भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप में शहरी गौठान का निर्माण किया गया है। जहां पर गौधन के रखरखाव की पारंपरिक एवं प्रचलित व्यवस्था को बरकरार रखे जाने के हर संभव प्रयास किए गए है। पशु आहार के रूप में चारा की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में की गई है जिसमें बाजार क्षेत्रों में बची हुई हरी सब्जियां, पैरा,चोकर,भुसी, पैरा कुट्टी, घास आदि शामिल है तथा पेयजल के लिए अलग-अलग टंकियों का निर्माण किया गया है जिसके माध्यम से पेयजल दिया जाता है। महिला स्व सहायता समूह को सुदृढ़ बनाने के लिए मशीन उपलब्ध कराया गया है। इस मशीन से अब गोबर डालने के पश्चात गोबर की लकड़ी जोकि पर्यावरण की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है जिसका उपयोग कई महत्वपूर्ण कार्यों में किया जा सकता है, गोबर से निर्मित लकड़ी का विक्रय कर आय अर्जित की जा सकती है , इसके अलावा गोबर से निर्मित कंडे भी तैयार किए जा रहे हैं। गौठान मे लाए जाने वाले पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण पशु चिकित्सकों द्वारा किया जाता है प्रतिदिन के लिए अलग-अलग चिकित्सक नियुक्त किए गए हैं जो कि पशुओं का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवाई आदि उपलब्ध कराते हैं एवं परामर्श भी देते हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी